## कई राज्यों में 200 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी में थे शामिल

# डीएलएफ कैमेलियाज के नाम पर प्रॉपर्टी फर्जीवाड़ा कर 12 करोड़ की ठगी, पांच जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने डीएलएफ कैमेलियाज, गुरुग्राम में प्रॉपर्टी दिलवाने का झांसा देकर 12.04 करोड़ की ठगी में शामिल रहे एक बड़े संगठित प्रॉपर्टी धोखाधड़ी रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कुछ सहयोगियों की अभी तलाश है। आरोपी व्यक्तियों ने जाली बिक्री प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल किया और बैंक द्वारा नीलाम की गई प्रॉपर्टीज पर तुरंत कब्जा दिलाने का दावा करके पीड़ित को धोखा दिया। एक आरोपी इसी प्रकार की धोखाधड़ी के देशभर के 16 मामलों में शामिल पाया गया है।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार मास्टरमाइंड मोहित गोगिया को उसके चार साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली-एनसीआर में कई पीड़ितों को धोखा देने में शामिल बाकी साजिशकर्ताओं जिसमें मास्टरमाइंड राम सिंह उर्फ बाबाजी भी शामिल है, को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। यह सिंडिकेट कई राज्यों में इसी तरीके से 200 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी में शामिल था। आरोपी व्यक्ति दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश, गोवा आदि में कुल 14 मामलों में वांछित थे। धोखाधड़ी की रकम से खरीदी गई दो कारें भी बरामद की गई हैं, जिनका इस्तेमाल वांछित आरोपी राम सिंह अपनी पायलट और एस्कॉर्ट कारों के तौर पर करता था। आरोपी व्यक्तियों के जुड़े बैंक खातों और अन्य संदिग्ध खातों पर भी रोक लगा दी गई है। डीएलएफ कैमेलियाज (गुरुग्राम), एंबिएंस मॉल और दिल्ली में भी कई अन्य प्रॉपर्टीज को खरीदने के बहाने, जाली एसबीआई नीलामी दस्तावेजों के जरिए यह गिरोह 200 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी कर चुका है। मास्टरमाइंड मोहित गोगिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की रकम कई बैंक खातों के जरिए सर्कुलेट की। सह आरोपी विशाल मल्होत्रा और सचिन गुलाटी को जानबूझकर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल धोखाधड़ी के पैसे को ठिकाने लगाने के लिए करने देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

अभिनव पाठक को इसलिये पकड़ा गया क्योंकि उसने मुख्य आरोपी को शिकायतकर्ता से मिलवाया और धोखाधड़ी वाली डील में मदद की। उसे भी धोखाधड़ी की रकम का कुछ हिस्सा मिला था। सह आरोपी भरत छाबड़ा ने जाली दस्तावेज बनाने में मदद की थी। पुलिस अभी कई अकाउंट, फर्म और धोखे से मिले पैसे पाने वालों की पहचान करने में जुटी है। इसके लिये देशव्यापी नेटवर्क की जांच चल रही है। डीसीपी गौतम ने बताया कि 13 जून 2025 को एमजी लीजिंग एंड फाइनेंस, मोहित गोगिया, भरत छाबड़ा और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश की शिकायत मिली थी। आरोपियों ने डीएलएफ कैमेलियाज, गुरुग्राम में एक प्रॉपर्टी से संबंधित जाली बैंक दस्तावेज दिखाए और शिकायतकर्ता को यकीन दिलाया कि प्रॉपर्टी पहले ही उनकी फर्म ने खरीद ली है और उसे उनके नाम पर ट्रांसफर किया जा सकता है। इन बातों पर भरोसा करके शिकायतकर्ता ने अगस्त और अक्टूबर 2024 के बीच आटीजीएस और डिमांड ड्राफ्ट के जरिए 12.04 करोड़ रुपये आरोपियों के खातों में ट्रांसफर किए। बाद में बैंक ने आरोपियों द्वारा दिखाए गए सभी दस्तावेज, जिसमें बिक्री प्रमाण पत्र, कवरिंग लेटर और नीलामी रसीदें शामिल हैं तो जाली बता दिया था। आरोपी का पता लगाने के लिए दिल्ली-एनसीआर, भोपाल और मुंबई में कई बार छापेमारी की गई। मोहित गोगिया मुंबई से उत्तराखंड भाग गया था। उसे टीम ने डोईवाला के पास ऋषिकेश-देहरादून रोड, उत्तराखंड से गिरफ्तार किया। बाद में अन्य चार दबोचे गये। आरोपी मोहित गोगिया का आपराधिक इतिहास काफी बड़ा बताया गया है। इसके खिलाफ 2019 में पटेल नगर थाना, 2020 में करोल बाग, 2022 में ईओडब्ल्यू, 2023 में जालंधर, 2024 में पुलिस स्टेशन अंजुना नॉर्थ गोवा, पुलिस स्टेशन सेक्टर 49 चंडीगढ़, 2025 में ईओडब्ल्यू दिल्ली में तीन केस, इसी साल एक केस जीरकपुर समेत कुल 16 मामले दर्ज पाये गये हैं।

# द्वारका में अवैध रूप से रह रहे सात नाइजीरियाई दबोचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका इलाके में पुलिस ने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रहने के आरोप में सात नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में लिया है। रविवार को पुलिस ने बताया कि कई टीम ने 24 दिसंबर को सत्यापन अभियान चलाकर इन विदेशी नागरिकों को पकड़ा और जांच के दौरान पता चला कि उनके पास वैध दस्तावेज नहीं थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए सभी व्यक्ति वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रह रहे थे।

इनके पास कोई वैध अनुमति भी नहीं थी। चिकित्सीय जांच के बाद हिरासत में लिए गए सभी लोगों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया, जहां उनके निर्वासन का आदेश दिया गया है। डीसीपी अंकित सिंह का कहना है कि निर्वासन की औपचारिकताएं पूरी होने तक उन्हें एक डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है।

# दिल्ली फरीदाबाद के कई मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की सदर्न रेंज टीम ने दिल्ली और फरीदाबाद के कई मामलों में शामिल वाहन चोर को पकड़ा है। इसके पास से दो चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई। दरअसल 26 दिसंबर को सरिता विहार थाना इलाके से दिनदहाड़े एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। यह घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी। दिनदहाड़े चोरी की इस हिम्मत वाली घटना को देखते हुए क्राइम ब्रांच ने अपराधी की पहचान करने के लिए तुरंत निगरानी और विश्लेषण शुरू किया।

इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया के नेतृत्व में बनी टीम ने सरिता विहार इलाके से संदिग्ध का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने सरिता विहार से मोटरसाइकिल चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने बताया कि शराब और जुए की लत के कारण वह ये चोरियां करता था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने एक और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की, जिसे मोहन कोऑपरेटिव इलाके में रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों के पीछे चालाकी से छिपाया गया था। आरोपी शख्स का नाम छोटू कुमार उर्फ वीरू निवासी भारत कॉलोनी, फरीदाबाद बताया गया है। वीरू एक आदतन अपराधी है और पहले भी फरीदाबाद में दर्ज चोरी और आर्म्स एक्ट से संबंधित दो आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है।

## खोए या चोरी हुये 430 मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए



**नई दिल्ली।** द्वारका पुलिस लगातार खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस दिलाने का कार्य कर रही है। गत दिनों 270 से ज्यादा मोबाइल और अब 160 से ज्यादा मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए गये हैं।

डीसीपी अंकित सिंह ने रविवार को 160 से ज्यादा लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटाई है। डीसीपी ऑफिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को मोबाइल फोन लौटाये गये। इस दौरान डीसीपी ने जिले के मॉनिटरिंग सेल के मेहनती स्टाफ को संबोधित और मोटिवेट भी किया। स्टाफ को भविष्य में नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# तीन शातिर बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- चोरी का ट्रक हुआ बरामद
- लगभग 300 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद कुछ सुराग लगे हाथ



सेक्टर 23 द्वारका पुलिस ने तीन खतरनाक अपराधियों और वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी से एक चोरी का ट्रक भी बरामद किया गया। डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार एक टीम इलाके में वाहन चोरी का पता लगाने और उसे रोकने के लिए गश्त पर थी।

लगभग 300 सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद कुछ सुराग हाथ लगे थे। इसी बीच हेड कांसटेबल शेर सिंह नंबर वाहन चोर भरत पुत्र अनिल कुमार, दीपक पुत्र श्रीराम और इंद्रजीत पुत्र सत्यपाल के बारे में जानकारी मिली। इनके बारे में पता चला कि तीनों दिल्ली एनसीआर में घूम रहे थे और शायद आगे अपराध करने की योजना बना रहे थे। यह जानकारी एसएचओ बिजेंद्र सिंह छिल्लर के साथ साझा की गई। इसके बाद सीनियर अधिकारियों के निर्देश पर टीम का गठन हुआ। एसीपी द्वारका किशोर कुमार रेवाला की देखरेख में द्वारका एक्सप्रेसवे से मुंडका जाने वाले रास्ते पर एक जाल बिछाया। शाम लगभग 4 बजे टीम ने उनका द्वारका एक्सप्रेसवे से मुंडका टोल के पास तक पीछा किया।

उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे अलर्ट टीम द्वारा पकड़े जाने से बचने के लिए भागने की कोशिश करने लगे। आखिरकार अलर्ट टीम ने उन्हें दबोच लिया। तीनों आरोपी नांगलोई के रहने वाले हैं।

# नए साल के जश्न से पहले ट्रैफिक पुलिस ने तेज की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नए साल की पूर्व संध्या पर जश्न से पहले दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और नशे में ड्राइविंग से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राजधानी में प्रवर्तन उपायों को तेज कर दिया है। शनिवार को दिल्ली भर में कई जगहों पर चलाए गए विशेष एकीकृत चेकिंग अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीमों ने यातायात नियम उल्लंघन करने वालों पर जमकर शिकंजा कसा।

इस कार्रवाई में नशे में ड्राइविंग, खतरनाक ड्राइविंग (86 चालान), बिना हेलमेट (2194 चालान), ट्रिपल राइडिंग (266 चालान), गलत साइड ड्राइविंग (1941 चालान) और टिंटेड ग्लास (45 चालान) से संबंधित उल्लंघनों पर ध्यान केंद्रित किया। इस कड़ी चेकिंग के दौरान दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में शराब के नशे में गाड़ी चलाते पाए गए मोटर चालकों के खिलाफ 226 चालान जारी किए गए। ओएसवीडी और आरएलवीडी कैमरों की मदद से ओवरस्पीडिंग के लिए 13833 ई-चालान और रेड लाइट जंपिंग के लिए 5394 ई-चालान जारी किए गए। यह विशेष अभियान दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की नए साल की पूर्व संध्या के लिए व्यापक तैयारी योजना का हिस्सा है, जब ट्रैफिक की मात्रा और रात के समय आवाजाही काफी बढ़ जाती है।

एडिशनल सीपी मोनिका भारद्वाज ने बताया कि सीनियर अधिकारी व्यक्तिगत रूप से प्रवर्तन गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं और संवेदनशील स्थानों, पार्टी हॉटस्पॉट, प्रमुख चौराहों और मुख्य सड़कों पर अतिरिक्त बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। इसके तहत पूरे शहर में अतिरिक्त ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती की गई है। रणनीतिक स्थानों पर कई एकीकृत चेकपॉइंट स्थापित किये गये हैं। ब्रेथ एनालाइजर और आधुनिक प्रवर्तन उपकरणों का उपयोग करने के साथ ही जिला पुलिस और पीसीआर इकाइयों के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित कर ट्रैफिक कंट्रोल रूम के माध्यम से रात की गश्त और निगरानी को बढ़ाया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने सभी नागरिकों से जिम्मेदारी से जश्न मनाने, नशे में ड्राइविंग से सख्ती से बचने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ सहयोग करने की अपील की है। नशे में गाड़ी चलाने पर न केवल कड़ी कानूनी कार्रवाई होती है, बल्कि यह जान भी जोखिम में डालता है। जनता से आग्रह है कि नए साल के जश्न में शामिल होते समय सार्वजनिक परिवहन, टैक्सियों या नामित ड्राइवरों का उपयोग करें। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस त्योहारी मौसम के दौरान सुरक्षित, सुचारू और दुर्घटना मुक्त ट्रैफिक आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पुलिस ने नाबालिग लड़की को ढूंढकर परिवार से मिलाया

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंज-2 टीम ने ऑपरेशन मिलाप के तहत एक लापता नाबालिग लड़की को ढूंढकर उसके परिवार से मिलाया है। लड़की मुकुंदपुर से बरामद हुई। दिल्ली पुलिस ने लड़की को ढूंढने पर 20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। गौरतलब है कि कई बच्चे जो किसी न किसी कारण से अपने परिवारों से अलग हो गए थे उन्हें क्राइम ब्रांच द्वारा ट्रैक किया जाता है। क्राइम ब्रांच द्वारा 'मिलाप' ऑपरेशन के तहत लापता बच्चों व महिलाओं को ढूंढने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया है। इसी कड़ी में 23 सितंबर को भलस्वा डेयरी थाना एरिया से एक 14 साल की नाबालिग लड़की के लापता होने के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया था। लड़की दो दिन पहले से लापता थी।

23 सितंबर को धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। दिल्ली पुलिस ने उसे ढूंढने पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। क्राइम ब्रांच ने लड़की के ठिकाने का पता लगाने के लिए तुरंत तलाशी और जांच अभियान शुरू किया। एएसआई सुनील और हवलदार सीमा रानी ने लापता लड़की को ढूंढने के लिए लगातार और अथक प्रयास किए। उन्होंने परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों, दोस्तों और स्थानीय लोगों से बड़े पैमाने पर पूछताछ की। तकनीकी निगरानी को मैनुअल खुफिया जानकारी के साथ प्रभावी ढंग से मिलाकर और विशिष्ट जानकारी पर कार्रवाई करते हुए हवलदार सीमा रानी ने मुकुंदपुर, जगराम चौक के पास से नाबालिग लापता लड़की को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला। शुरुआती जांच में पता चला कि पीड़िता अपने परिवार वालों को बताए बिना अपनी दोस्त के साथ पंजाब चली गई थी। बरामद लड़की की काउंसलिंग की गई है। लड़की के माता-पिता और परिवार वालों ने क्राइम ब्रांच टीम के नेक प्रयासों के लिए दिल से आभार और गहरी तारीफ जाहिर की है।

# एआई आधारित डेटा-ड्रिवन प्रणाली पर आईआईटी कानपुर के साथ सहयोग की संभावना तलाश रही सरकार : सिरसा

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली



- पिछले 24 घंटों में 250 छोटे और 92 बड़े सीएंडडी साइट्स का निरीक्षण, 1,694 किमी सड़कों पर पानी का छिड़काव, 41 ट्रैफिक प्वाइंट्स को जाम मुक्त किया गया
- 6 हजार किमी से अधिक सड़कों की सफाई, 7 हजार से अधिक वाहनों का कटा चालान, 58 सार्वजनिक शिकायतों का हुआ निस्तारण

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित एयर क्वालिटी इंटेलिजेंस और डेटा के आधार पर प्रदूषण नियंत्रण के समाधानों को लागू करने के उद्देश्यों को लेकर दिल्ली सरकार आईआईटी कानपुर के साथ सहयोग की संभावना तलाश रही है। इस बात की जानकारी रविवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक व्यापक, साल-भर चलने वाली रणनीति पर काम कर रही है, जिसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अत्याधुनिक तकनीक और मजबूत प्रशासनिक समन्वय को केंद्र में रखा गया है।

इसी दिशा में दिल्ली सरकार, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) कानपुर के साथ सहयोग की संभावना तलाश रही है, ताकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित एयर क्वालिटी इंटेलिजेंस और डेटा के आधार पर प्रदूषण नियंत्रण के समाधानों को लागू किया जा सके। इस प्रस्तावित सहयोग को लेकर पर्यावरण विभाग द्वारा कार्ययोजना, संस्थागत ढांचे और चरणबद्ध क्रियान्वयन पर मंथन किया जा रहा है। सिरसा ने कहा कि हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि दिल्ली की प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई वैज्ञानिक और रणनीतिक हो। अब निर्णय रियल-टाइम डेटा, प्रदूषण स्रोतों की सटीक पहचान और मापनीय परिणामों के आधार पर लिए जाएंगे।प्रस्तावित सहयोग का उद्देश्य प्रदूषण के स्रोतों की सूक्ष्म स्तर पर पहचान, उनके प्रभाव का वैज्ञानिक आकलन और विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित व समयबद्ध कार्रवाई को सक्षम बनाना है।

इसके तहत ऐसे सिस्टम विकसित किए जाएंगे जो निरंतर मॉनिटरिंग, विश्लेषण, पूर्वानुमान और कार्रवाई को दिशा दे सकें। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण कोई मौसमी अभियान नहीं हो सकता। दिल्ली को 365 दिनों का ऐसा एक्शन फ्रेमवर्क चाहिए जिसमें तकनीक, शासन और प्रवर्तन पूरी तरह समन्वित हों और हर निर्णय डेटा-आधारित हो। इस रणनीति का एक प्रमुख आधार डायनामिक सोर्स अपॉर्शनमेंट है, जिसके माध्यम से धूल, परिवहन, उद्योग, बायोमास जलाने और क्षेत्रीय कारकों से होने वाले प्रदूषण का वैज्ञानिक निर्धारण किया जाएगा। इससे एजेंसियां सामान्य प्रतिबंधों की बजाय सीधे प्रदूषण के मूल कारणों पर कार्रवाई कर सकेंगी।

सिरसा नेक हा कि प्रस्तावित मॉडल में बहु-एजेंसी समन्वय पर भी विशेष ज़ोर दिया गया है, ताकि नगर निगम, जिला प्रशासन, प्रवर्तन एजेंसियां और तकनीकी संस्थान एक साझा डेटा प्लेटफॉर्म पर काम करें, जहां जिम्मेदारियां स्पष्ट हों और जवाबदेही तय हो। जब सभी एजेंसियां एक ही वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर काम करती हैं, तो कार्रवाई तेज, सटीक और प्रभावी होती है। हमारा लक्ष्य दिल्ली को 'फायरफाइटिंग' से निकालकर वास्तविक रोकथाम की ओर ले जाना है।

## फ्लाईओवर का नाम बदला पर हालात नहीं

# 'शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा चौक फ्लाईओवर पर बदहाल सुविधाएं'

दया राम ⏭ नई दिल्ली



- लिफ्ट और एस्केलेटर बंद, बुजुर्गों-दिव्यांगों को भारी परेशानी

दिल्ली के प्रमुख यातायात केंद्र 'मुकरबा चौक फ्लाईओवर', जिसे अब 'शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा चौक फ्लाईओवर' के नाम से जाना जाता है, वहां नागरिक सुविधाओं की हालत बेहद चिंताजनक हो चुकी है। प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही वाले इस फ्लाईओवर पर सुविधाओं के अभाव ने दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय यात्रियों का कहना है कि कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार के कार्यकाल में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए इस फ्लाईओवर का निर्माण आधुनिक सुविधाओं के साथ किया गया था। यात्रियों के लिए 'चार लिफ्ट, और दो दिशाओं में स्वचालित सीढ़ियां (एस्केलेटर)' और बेहतर रखरखाव की व्यवस्था थी, जिससे बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और बच्चों को आवागमन में कोई दिक्कत नहीं होती थी। लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद से ही रखरखाव पर ध्यान कम होता चला गया। समय-समय पर मरम्मत और संचालन की अनदेखी के चलते आज स्थिति यह है कि सभी चारों लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ियां बंद पड़ी हैं। परिणामस्वरूप बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और बच्चों को ऊंचे फ्लाईओवर पर चढ़ने-उतरने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### 'भाजपा सरकार' से लोगों को उम्मीद

यात्रियों का आरोप है कि भले ही फ्लाईओवर का नाम बदलकर शहीद के नाम पर रख दिया गया, लेकिन सुविधाओं के नाम पर सिर्फ दिखावा रह गया है। वहीं, करीब दस महीने पहले दिल्ली में बनी 'भाजपा सरकार' से भी लोगों को उम्मीद थी कि हालात सुधरेंगे, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर कोई ठोस बदलाव नजर नहीं आया है।

### जन शौचालयों की हालात बहुत की खराब

यहां से आने जाने वाले यात्रियों ने बताया कि फ्लाईओवर के नीचे बने जन शौचालयों की हालात बहुत की खराब है। यात्रियों का कहना है कि शौचालय न होने के कारण आसपास मल-मूत्र की दुर्गंध फैली रहती है, जिससे महिलाओं और बच्चों को खास तौर पर परेशानी होती है।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (''आईसीआईसीआई बैंक'') से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा (''सुविधा'') के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 08 जनवरी 2026 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962003035 | राजबीर सिंह |
| शाखा का नाम : अम्बाला - निकलसन रोड | |
| 635262602303 | कबीर शाह |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962003080 | विकाश सिंह |
| 072957000177 | सुमन सुमन |
| शाखा का नाम : चरखी दादरी | |
| 211157000246 | सुमन देवी |
| 211157000292 | सुमन देवी |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | |
| 162962002048 | मनजीत कुमार |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 359462002406 | सुनील कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - ग्रीन फील्ड्स | |
| 732462000277 | रजनी रजनी |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-79 | |
| 732362000545 | रवि कांत पुरोहित |
| शाखा का नाम : गन्नौर, हरियाणा | |
| 359257000004 | संदीप |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-46 | |
| 389062001148 | सौरभ शुक्ला |
| शाखा का नाम : हिसार | |
| 017262008653 | मोहित मोहित |
| शाखा का नाम : करनाल | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 017357000228 | गुरदीप सिंह |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562002247 | श्री जसवंत |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862005488 | अंग्रेज अंग्रेज |
| शाखा का नाम : तोशाम | |
| 419062000847 | रोहताश |
| 419057000080 | नविता नविता |
| शाखा का नाम : मुजफ्फरपुर - जीरो माइल | |
| 334562002639 | विरेश कुमार पाण्डे |
| शाखा का नाम : समाना | |
| 152162006024 | सोहन सिंह |

दिनांक : 29.12.2025
स्थान : अम्बाला, भिवानी, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, सिरसा, सोनीपत, फरीदाबाद, कुरूक्षेत्र, महेन्द्रगढ़, फतेहाबाद, चरखी दादरी, रेवाड़ी, चीका, फरीदाबाद

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## सीएम ने की फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया के शताब्दी वर्ष समारोह में व्यापारियों की सराहना

# उद्योग हितैषी फैसलों से दिल्ली में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को मिली नई गति : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सरकार के उद्योग हितैषी फैसलों से दिल्ली में 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' को मिली नई गति मिली है। यह बात रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फ्रेंड्स कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी 10 महीने की सरकार ने उद्योग जगत से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लागू किए हैं, जिसमें लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं का सरलीकरण, सिंगल विंडो सिस्टम आदि शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने उद्योग जगत की संघर्ष, परिश्रम और उद्यमशीलता की यात्रा को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, विधायक अनिल गोयल, संजय गोयल और उद्योग जगत के अनेक गणमान्यजन




उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत को भारत के विकास की नींव का पत्थर बताया और कहा कि किसी उद्योग को चलाना केवल व्यापार स्थापित करना नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और लाखों परिवारों को रोजगार देने का महत्वपूर्ण कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में उद्योग को बढ़ावा व स्थायित्व देने के लिए अनेक गंभीर प्रयास कर रही है। इसके लिए 'इज ऑफ डूइंग बिज़नेस' (व्यापार में सुगमता) को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार व्यावहारिक और उद्योग-हितैषी निर्णय ले रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी 10 महीने की सरकार ने उद्योग जगत से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लागू किए हैं, जैसे कि लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं का सरलीकरण और यह सुनिश्चित करना कि उद्योग जगत को सरकारी महकमों से कोई दिक्कत न आए। इसके अलावा, हर अनुमति को सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से आसान बनाया गया है।

### व्यापारियों के हित के लिए पहला ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड किया गया स्थापित

मुख्यमंत्री ने बताया कि व्यापारियों के लिए दिल्ली में पहला ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड भी स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से उद्योग और व्यापार जगत अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे सरकार तक पहुंचाने में सक्षम होंगे। उन्होंने जानकारी दी कि ग्रीन कैटेगरी के उद्योगों के लिए अनुमोदन अवधि 120 दिन से घटाकर 20 दिन कर दी गई है और यदि 20 दिनों में अनुमति नहीं मिलती, तो उसे सेल्फ परमिशन घोषित कर दिया जाएगा। माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज के लिए 10 करोड़ रुपये तक का कोलैटरल-फ्री लोन भी उपलब्ध कराया गया है। साथ ही जीएसटी विभाग को फेसलेस संचालन और रिफंड प्रक्रिया को तेज़ करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिणाम-स्वरूप पिछले 4 महीनों में दिल्ली के व्यापारी साथियों को 915 करोड़ रुपये का जीएसटी रिफंड किया गया।

### औद्योगिक क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के लिए एक हजार करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत : सिरसा

इस अवसर पर उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज और स्ट्रीट लाइट्स के लिए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। यह पिछले 20-25 वर्षों बाद उठाया गया एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है, जो दिल्ली की औद्योगिक क्षमता को नई दिशा देगा। सिरसा ने बताया कि आने वाले समय में दिल्ली में तीन नए औद्योगिक क्षेत्रों की शुरुआत भी होने जा रही है, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं सिरसा ने कहा कि दिल्ली के इस ऐतिहासिक औद्योगिक क्षेत्र ने 100 वर्षों की सफल यात्रा पूरी की है। अपनी स्थापना के समय जहां मात्र 80 फैक्ट्रियां थीं, आज यहां लगभग 2 हजार इकाइयां संचालित हो रही हैं।

## वायु प्रदूषण व घने कोहरे से घिरी दिल्ली, एक्यूआई 391 हुआ दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साल 2025 का अंतिम वीकेंड यानी रविवार दिल्ली वालों के लिए ट्रिपल अटैक वाला साबित हुआ। दिल्ली में वायु प्रदूषण घने कोहरे व सर्दी की मार झेलनी पड़ी, जिसके चलते छुट्टी के दिन भी लोगों ने मजबूरी में घरों में रहना ही उचित समझा। रविवार को सुबह के समय अधिकांश दिल्ली वायु प्रदूषण व घने कोहरे से घिरी रही। जबकि कड़ाके की सर्दी ने लोगों को अहसास कराया कि बाहर निकलना सही नहीं है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के डेटा के अनुसार, रविवार सुबह 6:05 बजे तक दिल्ली का एक्यूआई 391 था। जबकि दिल्ली में कुल 40 एक्टिव एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशनों में से 39 में से 20 स्टेशनों ने हवा की क्वालिटी को गंभीर श्रेणी में दर्ज किया। सीपीसीबी के अनुसार सबसे ज्यादा रोहिणी में एक्यूआई 529, गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद चिंता का विषय है। ऐसा ही कुछ चांदनी चौक क्षेत्र में रहा, यहां भी एक्यूआई 500 के करीब गंभीर श्रेणी में रहा जिससे लोगों को घरों में रहने के लिए मजबूर किया। सीपीसीबी के अनुसार इनके अलावा वजीरपुर 488, आनंद विहार 485, डीटीयू दिल्ली 491, सत्यवती कॉलेज 471, जहांगीरपुरी 470 और आईटीओ में एक्यूआई 402 दर्ज किया गया। जबकि एनएसआईटी द्वारका में स्थिति थोड़ी बेहतर थी, जहां एक्यूआई 214 था। बता दें कि सीपीसीबी के अनुसार 51 से 100 के बीच एक्यूआई को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बहुत खराब और 400 से ऊपर की रीडिंग को गंभीर कैटेगरी में रखा जाता है।

## कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर यादव ने फहराया पार्टी का झंडा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 140 वें स्थापना दिवस पर रविवार को दिल्ली प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने वंदेमातरम को भी गाया गया। इस अवसर पर यादव ने कहा कि हमें कांग्रेस की विचारधारा, मार्गदर्शन और नीति निर्देशों पर चलकर जन-जन तक पहुंचाना होगा, तभी हम सभी वर्गों को सामाजिक न्याय, समानता और अधिकार दिलाने में कामयाब होंगे।

आज जिस तरह से माहौल बिगड़ता जा रहा है, देश के युवाओं को महात्मा गांधी के सत्य और अंहिसा के रास्ते पर चलकर देश को विकास और प्रगति की उॅचाईयों तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाने की जरुरत है। कांग्रेस देश की एक धरोहर है क्योंकि महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरु, सुभाष चन्द्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना आजाद और लाल बहादुर शास्त्री जैसे सरीखे नेताओं ने देश को आजादी दिलाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ी थी। आज गरीब विरोधी और पूंजीपतियों का पोषण करने वाली केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार संविधान में बदलाव कर कांग्रेस के बलिदान के इतिहास को नजरअंदाज करके जो माहौल बनाने की कोशिश कर रही है, उससे आज की पीढ़ी को गुमराह किया जा रहा है। लेकिन इतिहास का सत्य कभी बदलता नही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अन्याय, अत्याचार और हिंसा के खिलाफ सत्य, अहिंसा, प्रेम और भाईचारे को अपना हथियार बनाकर लोकतंत्र, समानता, अखंडता, न्याय और एकजुटता के लिए निरंतर संघर्ष किया है। यादव ने कहा कि राजधानी दिल्ली में हालात बिगड़ते जा रहे है, लोगों ने भाजपा को उम्मीद के साथ सत्ता सौंपी थी, कि पिछले 11 वर्षों से जो संकट और समस्याएं हमेशा के लिए बन गई है उनका कुछ न कुछ निवारण होगा। लेकिन आज दिल्ली की जनता चौतरफा समस्याओं से घिरी हुई परेशान नजर आती है। दिल्ली में लगातार बढ़ते एक्यूआई लेवल को देखकर प्रदूषण से निजात दिलाने की बजाय सरकार आंकड़ों को मेनुपुलेट करने पर ध्यान दे रही है। प्रदूषण को कम करने पर कोई गंभीर प्रयास करने पर ध्यान नही है।

### 2026 में जवाबदेही की दिशा तय करेगा दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र : विजेंद्र

नई दिल्ली। जनवरी 2026 में होने वाला दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र जवाबदेही की दिशा तय करेगा। यह बात रविवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कही। गुप्ता ने कहा कि जब दिल्ली विधान सभा जनवरी के आरंभ में अपने शीतकालीन सत्र के लिए एकत्र होगी, तब यह ऐसे समय में हो रहा होगा जब शासन और प्रशासन से जवाबदेही की अपेक्षाएं पहले से कहीं अधिक प्रबल हैं। वर्ष 2026 का यह पहला विधानसभा सत्र केवल एक औपचारिक कैलेंडर प्रक्रिया न होकर, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और प्रदर्शन की समीक्षा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। नए वर्ष के पहले विधानसभा सत्र के रूप में इस शीतकालीन सत्र का विशेष महत्व है। विकास कार्यों की प्रगति, प्रशासनिक दक्षता और वित्तीय अनुशासन जैसे विषयों के केंद्र में रहने की संभावना है। सीमित अवधि और बढ़ती जन अपेक्षाओं के बीच यह सत्र विस्तृत बहसों की बजाय केंद्रित विधायी समीक्षा के रूप में सामने आने की संभावना है। गुप्ता ने बताया कि शीतकालीन सत्र का औपचारिक आरंभ 5 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण से होगा, जिसके पश्चात सदन की नियमित कार्यवाही प्रारंभ होगी।

## भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने राजेंद्र नगर में सुना प्रधानमंत्री के 'मन की बात' का कार्यक्रम

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद बांसुरी स्वराज समेत कई भाजपा नेता रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सांसद बांसुरी स्वराज के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के कार्यक्रम के 129वें संस्करण को राजेंद्र नगर में प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना।



मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक राजन तिवारी के अनुसार आज 7622 पोलिंग बूथ क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नेताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात का कार्यक्रम सामूहिक रूप से सुना। इस मौके पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बब्बर, विधायक उमंग बजाज एवं हरीश खुराना, भाजपा के राष्ट्रीय सह मीडिया संयोजक संजय मयूख, राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर.पी. सिंह, वरिष्ठ नेता मूलचंद चावला, पार्षद आरती चावला, मन की बात के प्रदेश संयोजक राजन तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से कई सारी जानकारियां साझा की। खासकर जिस प्रकार से यंग इंडिया और खेलों को लेकर प्रधानमंत्री ने बात कही वह अद्भुत था। साल 2025 का यह अंतिम मन की बात कार्यक्रम था और इसके साथ ही उन्होंने खेलों में ऐतिहासिक सफलताएं, विज्ञान व अंतरिक्ष में नई उड़ान, युवाओं का नवाचार, आस्था और विरासत का पुनर्जागरण सहित प्रधानमंत्री ने 2025 उपलब्धियों को साझा किया। ऑपरेशन सिंदूर से लेकर वंदे मातरम के 150वें वर्ष के बारे में भी बताया।

'मन की बात' राष्ट्र की सफलताओं और प्रेरक प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाकर देशवासियों को सकारात्मक सोच और सक्रिय सहभागिता के लिए निरंतर प्रेरित करता है। आत्म चिंतन, प्रेरणा एवं नवचेतना का अनुपम स्त्रोत है और साथ ही श्रोताओं के लिए सीखने के लिए एक माध्यम है।

## दिल्ली भाजपा ने 23 विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलन किए आयोजित

### 'वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में आज के प्रगतिशील भारत की रखी गई थी नींव'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत दिल्ली भाजपा द्वारा सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलनों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को 23 विधानसभा क्षेत्रों में 'अटल स्मृति सम्मेलन' आयोजित किए गए।

अटल स्मृति सम्मेलन आयोजन समिति संयोजक पंकज जैन के अनुसार इस अटल स्मृति सम्मेलन श्रृंखला का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने 25 दिसम्बर



को कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र के सम्मेलन को सम्बोधित करके किया था। 31 दिसम्बर तक 69 विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलनों का आयोजन होगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को जिलाध्यक्ष विजेन्द्र धामा के साथ जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र के सम्मेलन को सम्बोधित किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान नेता थे जिन्होंने अपने जीवन में कई संघर्षों का सामना किया और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीन बार कार्य किया। उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था। वाजपेयी ने अपने करियर की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में की और बाद में राजनीति में शामिल हुए।

### वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में लोकतंत्र को किया सशक्त : सूद

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र सी2ए ब्लॉक में 'अटल सम्मान समारोह' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनकपुरी के विधायक एवं दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल किसी एक राजनीतिक दल या पीढ़ी के नेता नहीं थे, बल्कि वे पूरे देश की साझा विरासत थे। उनका व्यक्तित्व विचारों की दृढ़ता, संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक था। अटल ने अपने कार्यकाल में लोकतंत्र को सशक्त किया, 28 दलों की गठबंधन सरकार को संतुलित ढंग से संचालित किया, सुशासन की नई परिभाषा गढ़ी और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

### एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर घंटों सेवाएं रही बाधित

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर रविवार सुबह आई सिग्नलिंग में तकनीकी समस्या के कारण देर शाम तक सेवाएं बाधित रही और ट्रेनें धीमी गति से चलाई गई। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यह समस्या धौला कुंआ और दिल्ली एयरोसिटी के बीच डाउन लाइन पर सुबह करीब 7 बजे सामने आई। डीएमआरसी ने खराबी को लेकर अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर यात्रियों को जानकारी देते हुए अतिरिक्त समय लगने की जानकारी दी। डीएमआरसी ने लिखा कि सिग्नलिंग में तकनीकी समस्या को सुधारने में हमारी तकनीकी टीम जुटी है, जल्द ही सामान्य सेवा बहाल होगी। जबकि अन्य सभी लाइनें सामान्य रूप से परिचालन में हैं। दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर सिग्नलिंग समस्या के कारण डाउन लाइन यानी नई दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 की ओर जाने वाली ट्रेनें धीमी गति से चलानी पड़ी। डीएमआरसी अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी टीम समस्या के समाधान में जुटी रही।

### स्थानीय डीएम, एसडीएम और पावर ग्रिड से लिखित शिकायत के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ

# औचंदी पावर प्लांट: एचटी लाइन के नीचे करंट से कुतुब गढ़ के किसान भयभीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बवाना क्षेत्र के औचंदी पावर प्लॉट की एचटी लाइन इलाके के किसानों को भयभीत किए हुए है। पिछले महीने यह एचटी लाइन चालू हुई है। कुतुब गढ़ गांव के किसानों का कहना है कि इस एचटी लाइन की वजह से खेतों में करंट फैल रहा है। किसान अपनी जान पर खतरा बताते हुए कह रहे हैं कि किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

कुतुब गढ़ गांव के किसानों ने इसकी लिखित शिकायत पिछले दिनों डीएम उत्तर पश्चिम जिला से की



थी। बावजूद इसके समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। किसान कंवर लाल राणा ने कहा कि एचटी लाइन से पहले किसानों के साथ मीटिंग में अधिकारियों ने साफ आश्वासन दिया था कि लाइन के नीचे करंट नहीं आएगा और किसानों को फिक्र करने की जरूरत नहीं है। लेकिन अब करंट किसानों को डरा रहा है। उन्होंने बताया कि किसान इस आशंका से भयभीत हैं कि करंट की मौत का कारण बन सकता है।

किसान रघुबीर नंबरदार ने बताया कि उनके खेत के ऊपर से एचटी लाइन गुजर रही है। जब भी वे अपने खेत की फसल में पानी देते हैं तो करंट का झटका लगता है। उन्होंने कहा कि वे खेत में आने पर जानमाल के नुकसान की आशंका बनी रहती है। किसान बलवान, संजय लांबा, भूपेन्द्र और रोहित राणा ने बताया कि करंट की समस्या से पीड़ित किसानों ने डीएम, एसडीएम और पावर ग्रिड नरेला के अधिकारियों से करंट की समस्या को लेकर गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है।

संजय लांबा ने बताया कि करंट की समस्या का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एचटी लाइन के नीचे कृषि भूमि में पौधे या हरी घास छूने पर इलेक्ट्रिक टेस्टर की बत्ती भी जलने लगती है। कुतुब गढ़ गांव के किसानों ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से आग्रह किया है कि इस गंभीर समस्या का संज्ञान लें और संबंधित विभागों को करंट दूर करने के आदेश दें।

■ परेशान किसानों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेने की लगाई गुहार

## 'एक कुशल वक्ता एवं नेता होने साथ-साथ एक सच्चे मित्र थे अरुण जेटली'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्वर्गीय अरुण जेटली एक कुशल वक्ता एवं नेता होने साथ साथ एक सच्चे मित्र थे जो हमेशा अपने सहयोगियों को आगे बढ़ने को प्रोत्साहित करते थे।

यह बात केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली की 73वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। वहीं इस कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि स्वर्गीय अरुण जेटली का चिरपरिचित मुस्कुराता हुआ चेहरा हमेशा संघर्ष की प्रेरणा देता था और सफलता की राह दिखाता था। दिल्ली के अरुण जेटली पार्क स्थित उनकी मूर्ति पर राजनाथ, जेपी नड्डा के अलावा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, सांसद कमलजीत सहरावत एवं बांसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद, विधायक सतीश उपाध्याय एवं अनिल शर्मा, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी सहित उपस्थित अनेक गणमान्य जनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# मोदी व योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर: पंकज चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं भारत सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के गाजियाबाद में प्रथम आगमन पर रविवार को भाजपा महानगर द्वारा ऐतिहासिक एवं भव्य स्वागत किया गया। यूपी गेट स्थित मैक्स हॉस्पिटल के सामने तथा एनएच-24 पर इनमेंटेक कॉलेज के निकट आयोजित स्वागत कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा एवं बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार अभिनंदन किया।

**बुलडोजर से पुष्प वर्षा, ढोल-नगाड़ों के बीच उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब**



यह कार्यक्रम भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया के आह्वान एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। स्वागत स्थलों पर भव्य मंच सुसज्जित रहे और कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह देखने को मिला। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गाजियाबाद की संगठनात्मक शक्ति और कार्यकर्ताओं का जोश यह दर्शाता है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि गाजियाबाद महानगर द्वारा किया गया यह भव्य स्वागत संगठन की मजबूती और अनुशासन का प्रमाण है। पूर्व सांसद डॉ. रमेश चंद तोमर ने कहा कि गाजियाबाद का यह आयोजन भाजपा की संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का जीवंत उदाहरण है पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि आज का स्वागत कार्यक्रम यह दर्शाता है कि भाजपा का कार्यकर्ता हर परिस्थिति में संगठन के साथ खड़ा है। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि महानगर की मातृशक्ति और कार्यकर्ताओं की भागीदारी ने इस स्वागत को ऐतिहासिक बना दिया है।

विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा और गाजियाबाद विकास की नई ऊँचाइयों को छुएगा। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह जोश और समर्पण आगामी चुनावों में भाजपा को अभूतपूर्व सफलता दिलाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत

भाजपा का कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का यह स्वागत हर कार्यकर्ता के सम्मान का प्रतीक है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद की धरती से जो उत्साह दिखाई दिया है, वह आने वाले समय में भाजपा की ऐतिहासिक विजय का संकेत है। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का यह स्वागत यह साबित करता है कि संगठन और सरकार के प्रति जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### बिना वैध लाइसेंस के मांस की बिक्री पर प्रतिबंध: डॉ परवाल



**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद की ओर से निगम क्षेत्र में संचालित सभी मांसाहारी (नॉन--वेज) खाद्य व्यवसायों को निगम द्वारा चेतावनी दी जाती है कि मांस की बिक्री, भंडारण, प्रसंस्करण, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, क्लाउड किचन आदि का संचालन केवल हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 तथा व्यवसाय उपविधियां, 2008 के अंतर्गत जारी वैध लाइसेंस के साथ ही किया जा सकता है। नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा निर्देशों पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीतीश परवाल की टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में यह पाया गया है कि मांस की दुकानें एवं नॉन-वेज खाद्य प्रतिष्ठान बिना लाइसेंस और अस्वच्छ परिस्थितियों में संचालित हो रहे हैं। मांस की खरीद-फरोख्त अवैध रूप से की जा रही है तथा उससे संबंधित कचरा खुले में फेंका जा रहा है, जो आम नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है।

### चैंपियनशिप में दो सौ मीटर दौड़ गोल्ड मैडल जीता



**गाजियाबाद।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित एसबीकेएफ 13वीं नेशनल गेम चैंपियनशिप में रालोद से मुरादनगर से चुनाव लड़ चुके रालोद नेता अजय प्रमुख ने यूपी से खेलते हुए 200 मीटर दौड 32 सेकेंड में गोल्ड मेडल और 100 मीटर मे दौड़14 सेकेंड में दौड़कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दिल्ली स्टेट मास्टर चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल और 23 वीं एशिया मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 2025 मैं 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में भाग लिया। अजय प्रमुख मास्टर डिस्ट्रिक्ट एथलीट एसोसिएशन गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष भी है और शूटिंग बॉल एसोसिएशन आफ यूपी के अध्यक्ष भी हैं। राष्ट्रीय लोकदल की राजनीति में ब्लॉक प्रमुख और गाजियाबाद जिले के राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष और मुरादनगर विधानसभा से राष्ट्रीय लोकदल के विधानसभा प्रत्याशी भी रह चुके हैं।

### भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति को समर्पित यह आधुनिक लाइब्रेरी

# मंत्री गोयल ने फरीदाबाद में अटल लाइब्रेरी के पुस्तकालय भवन का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने हरियाणा के निरंतर विकास और शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत आज फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में प्रस्तावित अटल लाइब्रेरी के पुस्तकालय भवन का भव्य उद्घाटन किया। यह पुस्तकालय भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को समर्पित है जो ज्ञान विचार और सुशासन के प्रतीक रहे हैं।



इस गरिमामय अवसर पर राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, स्वतंत्र प्रभार मंत्री राजेश नागर, नगर निगम की महापौर प्रवीन बत्रा जोशी, पार्षद प्रियंका बिष्ट बुधानी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि अटल लाइब्रेरी केवल एक भवन नहीं बल्कि ज्ञान, आत्मनिर्भरता और समान अवसरों का सशक्त मंच है। यह पुस्तकालय उन विद्यार्थियों और युवाओं के लिए समर्पित है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने का संकल्प रखते हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी की कविताएं और विचार हमें यह सिखाते हैं कि कठिन परिस्थितियों में भी संकल्प के बल पर नई शुरुआत संभव है और आज यह लाइब्रेरी उसी नई शुरुआत का प्रतीक है। यह परियोजना केवल एक चुनावी वादे का पूरा होना नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी थी। लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित की जा रही यह आधुनिक लाइब्रेरी फरीदाबाद के भविष्य में किया गया एक सशक्त निवेश है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संरचना केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों की आधारशिला है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को यह दृढ़ विश्वास था कि जब तक शिक्षा समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचेगी तब तक राष्ट्र का विकास अधूरा रहेगा। उसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए इस लाइब्रेरी का नाम अटल जी के नाम पर रखा गया है।

### शांति मार्च में लगभग 1000 अनुयाई उपस्थित रहे

# बाबा श्री पीर रतन नाथ जी के सेवकों ने शांति मार्च निकालकर रोष प्रकट किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बाबा पीर रतनाथ मंदिर फरीदाबाद के सेवकों ने दिल्ली सरकार द्वारा झंडेवाला मंदिर के साथ 81 वर्ष पुराना बाबा पीर रतन नाथ के मंदिर में 29 नवंबर को हुई तोड़-फोड़ के विरोध में शांति मार्च निकाला। शांति मार्च मंदिर के प्रागण से होकर 5 नबंर मार्किट से बांके बिहारी मंदिर होते हुए वापिस मंदिर के प्रांगण में पहुंचा। शांति मार्च में लगभग 1000 अनुयाई उपस्थित थे, जिनमें महिलाएं, बच्चे व सेवक परिवार सहित उपस्थित थे। मंदिर के सेवक सतीश कुमार ने बताया कि कहा कि बाबा पीर रतन नाथ जी गुरू गौरख नाथ जी के शिष्य बाबा पीर रतन नाथ मंदिर दरगाह की पवित्र गद्दी करीब 1500 वर्ष पुरानी गद्दी है जो सनातन धर्म में सबसे पुरानी गद्दी है, उस पवित्र मंदिर में तोड़फोड़ दस्ते के कर्मचारी जूतों के साथ मंदिर परिसर में गए।

### सतीश शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया 144 वां स्थापना दिवस

# जिला व महानगर कार्यालय पर मनाया गया कांग्रेस का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कांग्रेस पार्टी का 144 व स्थापना दिवस जिला कांग्रेस महानगर कमेटी पर मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के गठन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। गाजियाबाद में जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया।

सतीश शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को हुई थी। आईसीएस अधिकारी ऐलन ओक्टेबियन होम ने शिक्षित भारतीयों के बीच नागरिक और राजनीतिक संवाद के लिए एक मंच बनाने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की थी। 19वीं सादी के अंत से और विशेष रूप से 1920 के बाद महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की प्रमुख पार्टी बन गई उनके नेतृत्व में तमाम क्रांतिकारी की शहादत हुई।



उसके बाद आजादी मिली बहुत से ऐसे क्रांतिकारी रहे जिनके नाम भी लोगों को नहीं पता अंग्रेजों ने देश को जाति धर्म में बांटने का जो कार्य किया था उसे खाई को पाटने में का बहुत कठिन कार्य था जिसे जाति धर्म से देश अलग-अलग हिस्से में बैठा हुआ था उन्होंने बताया कि देश मे जनता को समानता का अधिकार दिया गया।

### पुलिस ने 1633 केस दर्ज किए

# साल भर में पुलिस ने 25 बैंककर्मी सहित 2,649 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

गुरुग्राम ▶▶ धर्मेंद्र कौशिक

साइबर ठगी के मामलों में पुलिस ने वर्ष 2025 में 25 बैंककर्मी सहित 2,649 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। हालांकि वर्ष 2025 में वर्ष 2024 के मुकाबले साइबर ठगी की शिकायतें अधिक दर्ज की गई, लेकिन एफआईआर कम दर्ज हुई हैं। इसके पीछे लोगों में जागरुकता को माना जा रहा है। पहले लोग साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने के प्रति जागरुक कम थे। वर्ष-2024 और वर्ष-2025 के तुलनात्मक आंकड़ों का विश्लेषण यह स्पष्ट करता है कि पुलिस की तकनीकी दक्षता और त्वरित कार्यवाही से न केवल अपराधियों में खौफ पैदा हुआ है, बल्कि आमजन की मेहनत की कमाई को डूबने से बचाया गया है। हालांकि साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने वर्ष 2025 में 1633 केस दर्ज किए जबकि वर्ष-2024 में कुल 1358 केस दर्ज किए गए थे।

### टीम मनसा पासवान ने पीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# प्रधानमंत्री का घेराव करने जा रही बसपा की पूर्व प्रत्याशी मनसा पासवान को पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने आज रही बसपा मेयर पद की प्रत्याशी रही मनसा पासवान व उनकी टीम के एडवोकेट तरूण अरोड़ा सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने हार्डवेयर चौक से बस में बैठाकर ले गई तथा घेराव करने से रोक लिया।

गौरतलब है कि फरीदाबाद प्रशासन और नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे झुग्गियां तोड़ने के अभियान के खिलाफ बसपा मेयर पद की प्रत्याशी रही मनसा पासवान की टीम 28 दिसंबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास का घेराव कर प्रदर्शन करने की घोषणा की।

तय कार्यक्रम के अनुसार रविवार को सुबह 11 बजे मनसा पासवान, एडवाकेट तरूण अरोड़ा, डा. लक्ष्मण दास अरोड़ा, डॉ. रनजीत कौर, फरजाना, हिना ठाकुर, मोहम्मद अशरफ, डा. नरेन्द्र कुमार, सतीश कुमार, नरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, रामआशीष, सुशील भारती, अशोक सहित सैकड़ों लोग हार्डवेयर चौक पर एकत्र हुए और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेड़कर की प्रतिमा पर माला अर्पण की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एडवोकेट मनसा पासवान, एडवोकेट तरुण अरोड़ा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट 1985 से लेकर वर्तमान तक लगातार कई फैसलों में सरकारों को आदेश दे चुका है कि यदि किसी का घर उजाड़ना है तो पहले उसके लिए आवास की व्यवस्था की जाए। यही नहीं संविधान ने प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन और जीवन की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार दिया है। बावजूद इसके नगर निगम और जिला प्रशासन झुग्गियां तोड़ तो रहा है लेकिन बेघर होने वाले नागरिकों को आवास मुहैया नहीं करा रहा है। मनसा पासवान ने कहा कि हरियाणा सरकार की भी व्यवस्था है कि 2003 में जो भी बसावट है उसको हटाने से पहले प्रभावित परिवारों का पुनर्वास किया जाएगा यानी उन्हें आवास दिया जाएगा।



एडवोकेट तरुण अरोड़ा ने खोरी का उदाहरण देकर बताया कि यहां करीब तीन साल पहले झुग्गियां तोड़ी गईं तब यह कहा गया था कि सबका पुनर्वास होगा लेकिन पीड़ित परिवार आज भी बेघर घूम रहे हैं।

## महापौर ने शहर में 2 करोड़ के विकास कार्यो के शिलान्यास किए

**गाजियाबाद।** महापौर सुनीता दयाल ने रविवार को शहर में 2 करोड़ के विकास कार्यो के शिलान्यास किए। कविनगर ज़ोन में वार्ड 16 गढ़ी सिखरोड गाँव ,वार्ड 30 गोविंदपुरम एन डी आर एफ रोड रतन एनक्लेव, अक्षय एन्क्लेव,बालाजी एन्क्लेव,वार्ड 62 गोविंदपुरम,वार्ड 56 गार्डन एन्क्लेव, विष्णु एन्क्लेव,वार्ड 47महेंद्रा एन्क्लेव और वार्ड 69लोहिया नगर में 11 विकास कार्यो के 11 नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया।

सुनीता दयाल द्वारा बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जनता समस्या को लेकर आती है जिसपर निरंतर कार्य कराने का प्रयास भी किया जा रहा है और जहाँ रास्ते अधिक खराब है। उनको प्राथमिकता पर बनवाने का कार्य भी किया जा रहा है जनता की परेशानी को दूर करना ही जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है और उनके कार्यो पूरा भी किया जा रहा है आज 11 स्थानों पर सड़क बनवाने के लिए काम शुरू कराया है और भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य कराया जाएगा। शिलान्यास के दौरानपवन गोयल,नवीन ,अनिल सवारियां, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश अग्रवाल,पार्षद मनोज त्यागी,पार्षद अमित त्यागी,पार्षद नीलम, मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर,साहब सिंह सिरोही,राजीव डागर, जयवीर सिंह,नितिन शर्मा,आकांशा त्यागी,मोहित राज,राजेन्द्र जी,शिवम शिशोदिया,मुकेश जी, आदि उपस्थित रहे।

■ महापौर कोटे के 11 निर्माण कार्यो के 11 नारियल फोड़े

# जिला फरीदाबाद ब्राह्मण ने 200 ब्राह्मणों शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा ने रविवार को अनाज मंडी स्थित ब्राह्मण भवन में ब्राह्मण शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिलेभर से 200 ब्राह्मण शिक्षक पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा के बडे भाई टिपर चंद शर्मा, फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के प्रधान बृजमोहन बातिश, योगेश गौड़, डाक्टर राम नारायण भारद्वाज, गिरिराज शास्त्री, तेजप्रकाश , डाक्टर तेजपाल , पार्षद योगेश, एडवोकेट महेश वत्स, महासचिव मोतीलाल , भारत भूषण न्यादर गौतम, गिर्राज वशिष्ठ, मास्टर गंगा विष्णु, जगदीश , बाबूराम वशिष्ठ, रविदत्त , रामकिशन व कृष्ण कौशिक ने कार्यक्रम पहुंचे ब्राह्मण शिक्षकों शाल व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



## उन्नत भारत की नींव भी कांग्रेस ने ही रखी: बलजीत कौशिक

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 141 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सैक्टर-9 स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक द्वारा किया गया, कार्यक्रम में फरीदाबाद जिले के कांग्रेस नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान कार्यकर्ताओं व नेताओं ने मिलकर ध्वजारोहण किया और सभी को कांग्रेस स्थापना दिवस की बधाई दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82(2) Cr.Pc./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया कि अभियुक्त **संजीव उर्फ सन्नी पुत्र श्री सरजू** निवासी E-65, ग्राउंड फ्लोर, विजय विहार फेस–2, दिल्ली ने **FIR No. 222/21, U/s 457/380/411 IPC थाना : विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सन्देह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संजीव उर्फ सन्नी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संजीव उर्फ सन्नी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 222/21, U/s 457/380/411 IPC थाना : विजय विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजीव उर्फ सन्नी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 28.01.2026 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शगुन, जे.एम.एफ.सी.,
कक्ष संख्या 109, रोहिणी न्यायालय,
उत्तर पश्चिम, दिल्ली

DP/17526/RD/2025

### वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की फरीदाबाद पशिचम का संस्कार परिवार मिलन समारोह संपन्न

# संस्कारित समाज के बिना विकसित भारत की कल्पना संभव नहीं: राजेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की फरीदाबाद पश्चिम का संस्कार परिवार मिलन कार्यक्रम कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 21 सी में हुआ शुरुआत में केंद्र के आचार्य द्वारा संस्कार पक्ष कार्यक्रम किया। जिसमें संस्था द्वारा चलाए जा रहे केन्द्रों के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजीव लाल ने की मंच संचालन सतीश ने किया तथा राजीव लाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

राष्ट्रीय मंत्री एवं दक्षिण संभाग प्रमुख श्रीराम अग्रवाल ने अतिथियों का परिचय करवाया। उन्होंने संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश कुमार (आईआरएस) अतिरिक्त उपायुक्त कस्टम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी एवं वीएचपी के राष्ट्रीय मंत्री बीरेंद्र मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में संस्था के कार्य को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है। मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त कस्टम राजेश कुमार के द्वारा इस कार्य की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने संस्कारित समाज के बिना विकसित भारत की कल्पना भी नहीं कर सकते आज हमे एक होकर इस लड़ाई को जीतना है।

**खास बातें**

- संस्कार परिवार मिलन कार्यक्रम की शुरूआत सेक्टर 21 सी से हुई
- समाज को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की आवश्यकता



कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप पी के सिंहा, डॉ. प्रताप चौहान, राधे श्याम भाटिया, महिला अध्यक्ष डॉक्टर विजय लक्ष्मी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जय किशन गर्ग, विभाग अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, कार्याध्यक्ष सुखबीर गोयत, उपाध्यक्ष कृष्ण बिहारी दुबे, सत्यपाल शर्मा, रतन कुमार, आरएसएस के व्यवस्था प्रमुख जितेंद्र, राष्ट्रीय सेविका समिति के सह विभाग कार्यवाहक इत्यादि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में जिला महासचिव सतीश गौतम ने आये हुए सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद व्यक्त किया।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 08 जनवरी 2026 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली – छत्तरपुर | |
| 354362001153 | पूजा शर्मा |
| 354362002382 | निशा कुमारी |
| शाखा का नाम : दिल्ली – ईस्ट पंजाबी बाग | |
| 401905000911 | कोमल लूथरा |
| शाखा का नाम : दिल्ली – कैलाश नगर | |
| 429457000047 | सोनू सोनू |
| शाखा का नाम : दिल्ली – मानसरोवर गार्डन | |
| 432405000835 | मोहम्मद कौसर अली |
| शाखा का नाम : दिल्ली – पीतमपुरा एफडी-1 | |
| 411457000022 | रणजीत कुमार |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली – उद्योग नगर | |
| 402057000035 | विकास शर्मा |
| शाखा का नाम : दिल्ली – भीकाजीकामा | |
| 181957000043 | रतिश कुमार |
| शाखा का नाम : दिल्ली – लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट | |
| 347657000034 | अमित अग्रवाल |
| शाखा का नाम : दिल्ली – विश्वास नगर | |
| 349057000044 | निशी |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – शैख सराय | |
| 489957000004 | गुरप्रीत कौर |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – दरियागंज | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 033362006505 | मोहम्मद नावेद |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – दिलशाद गार्डन | |
| 113362001988 | प्रणव कुमार बिस्वास |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली – ईस्ट ऑफ कैलाश | |
| 071957000083 | दि विष्णु पैराडाइज |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – ग्रीनफील्ड्स | |
| 732462000277 | रजनी रजनी |
| शाखा का नाम : बाराणसी-नादेसर | |
| 159257000013 | सौरभ कुमार |
| 159257000064 | सौरभ कुमार |

दिनांक : 29.12.2025
स्थान : शाहदरा, साउथ दिल्ली, साउथ-ईस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# भगवान बिरसा मुंडा भारतीय स्वाभिमान के प्रतीकः राज्यपाल

एजेंसी ▶▶ रांची

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे केवल जनजातीय समाज के नायक नहीं, बल्कि अन्याय, शोषण और औपनिवेशिक दमन के विरुद्ध भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक थे। मातृभूमि और संस्कृति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता युगों-युगों तक प्रेरणा प्रदान करती रहेगी। राज्यपाल रविवार को बिरसा मुंडा संग्रहालय में आयोजित 'वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन' के फ्लैग-ऑफ



समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित साइक्लोथॉन महज एक साइकिल अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, युवा शक्ति और जनजातीय गौरव का सशक्त प्रतिबिंब है।

## महाकुंभ में सबसे ज्यादा श्रद्धालु इस मंदिर में दर्शन करने पहुंचे

# श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में साल 2025 में पहुंचे 7.25 करोड़ श्रद्धालु, नए साल पर खास इंतजाम

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

साल 2025 का अंतिम दौर चल रहा है, इसी क्रम में इस साल को लोग अलविदा कहने के लिए भी काशी पहुंच रहे हैं। वहीं लाखों लोगों की इच्छा यह भी है कि नए साल की शुरुआत वो बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी से ही करें। वैसे इस वर्ष द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में 7.25 करोड़ श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंच चुके है।

■ बाबा के स्पर्श दर्शन पर 2 जनवरी तक रोक रहेगी

**साल 2025 में श्रद्धालुओं के आने की संख्या पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे...**




### महाकुंभ में पहुंचे सबसे ज्यादा श्रद्धालु

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य दिनों की तुलना में इस समय अधिक संख्या में श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं , परिसर में हमेशा की तरह प्रत्येक श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर खास ध्यान दिया गया है। इसीलिए नए वर्ष के अवसर पर भीड़भाड़ को देखते हुए सभी विशेष सुविधा और बाबा के स्पर्श दर्शन पर 2 जनवरी तक रोक रहेगी। वहीं साल 2025 में श्रद्धालुओं के आने की संख्या पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा श्रद्धालु काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे और पूरे साल 2025 में 7.25 करोड़ श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके हैं जो एक साल में सर्वाधिक है।

### 7 लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

नए साल के अवसर पर पूर्व में भी भारी संख्या में श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे थे। साल दर साल धार्मिक पर्यटन में बढ़ोतरी देखने को मिली है और इस बार मंदिर प्रशासन की तरफ से अनुमान लगाया गया है कि करीब 7 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने नए साल पर मंदिर पहुंच सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### धनबाद-भोपाल के बीच एक्सप्रेस ट्रेन को मंजूरी



**धनबाद।** झारखंड के कोयलांचल क्षेत्र, खासकर धनबाद के यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे ने बड़ी सौगात दी है। रेलवे बोर्ड ने भोपाल और धनबाद के बीच एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन को हरी झंडी दे दी है। आदेश के अनुसार 11631/11632 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। इस फैसले से झारखंड-मध्य प्रदेश के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी।

### डायल 112 पुलिस पर हमला,7 अरेस्ट



**बांदा।** यूपी के बांदा में पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद ने उग्र रूप ले लिया। झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 (पीआरवी) पुलिस टीम पर एक ही परिवार के लोगों ने शराब के नशे में हमला कर दिया। पुलिस से मारपीट की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पुलिस मंथन में सीएम योगी ने सिखाया टाइम मैनेजमेंट

# धर्मान्तिरण रैकेट को नेस्तनाबूद करने के लिए एआई का इस्तेमाल करे पुलिस

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'पुलिस मंथन', वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन– 2025 के समापन सत्र को संबोधित और धर्मांतरण व साइबर अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन– 2025 के दूसरे दिन रविवार को समापन अवसर पर प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से सोशल मीडिया और साइबर क्राइम पर सख़्त निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने को कहा। उन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की ओर से प्रदेश में बढ़ने वाली आतंकी गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सीमा सुरक्षा एवं आतंकवाद निरोधक तंत्र को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। साथ ही गो-तस्करी और धर्मांतरण के लिए चलाए जा रहे संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई करने को कहा।

### धार्मिक कन्वर्जन की घटनाओं पर विशेष सतर्कता



मुख्यमंत्री ने धार्मिक कन्वर्जन को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं। पुलिस एवं इंटेलिजेंस को निर्देश दिए कि धार्मिक कन्वर्जन से जुड़ी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए, सोशल मीडिया के माध्यम से इंटेलिजेंस को और मजबूत किया जाए तथा ऐसी किसी भी घटना को प्रारंभिक स्तर पर ही प्रभावी ढंग से रोका जाए।

### सोशल मीडिया और साइबर अपराध पर सख्त निगरानी के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्कवेब, साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस एवं इंटेलिजेंस तंत्र को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट पर तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जाति या धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने, पुलिस पर दबाव बनाने अथवा अराजकता फैलाने वाले तत्वों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। ऐसे पोस्ट, फेक अकाउंट एवं संगठित दुष्प्रचार अभियानों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए।

### सीमा सुरक्षा, आतंकवाद निरोधक तंत्र को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश

सीएम ने पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं नेपाल से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से उत्पन्न हो रही आतंकवादी गतिविधियों के नए आयामों का गहन विश्लेषण करते हुए सीमा निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय अनुदानित धर्मान्तरण रैकेट' की रोकथाम के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वित्तीय ट्रेल, तकनीकी विश्लेषण एवं आधुनिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग को मजबूत करने के निर्देश दिए।

### नशीले पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी एवं संगठित अपराध के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई अब तक की कड़ी कार्रवाई की सराहना की।

## निशांत कुमार की सियासी एंट्री की मांग

# कार्यकर्ता पटना में भूख हड़ताल कर रहे सीएम नीतीश से मांग



एजेंसी ▶▶ पटना


मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की बिहार की राजनीति में एंट्री को लेकर चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। अभी तक जेडीयू के कार्यकर्ता उन्हें पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी देने की वकालत कर रहे थे। और अब एक कदम आगे बढ़ाते हुए भूख हड़ताल शुरू कर दी है। पटना में निशांत की पॉलिटिकल एंट्री के लिए आंदोलन शुरू हो गया है। 12 घंटे की भूख हड़ताल पर बैठे जेडीयू से जुड़े मुकुंद सेना के कार्यकर्ता हैं।

### तो...जेपी प्रतिमा के सामने 24 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे

मुकुंद सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि निशांत कुमार पढ़े-लिखे हैं अगर उन्हें राजनीति में मौका मिला तो वे न सिर्फ पार्टी, बल्कि बिहार की भी बागडोर संभाल सकते हैं। वहीं कार्यकर्ताओं का कहना है कि अभी सिर्फ 12 घंटे की भूख हड़ताल की है। अगर मांगे नहीं मानी गईं। तो अगला चरण और भी बड़ा होगा। फिर जेपी प्रतिमा के सामने 24 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे।

# यूपी के फतेहपुर बजरंगदल का हंगामा, धर्मांतरण का आरोप

एजेंसी ▶▶ फतेहपुर



यहां राधानगर थाना के देवीगंज स्थित इंडिया प्रेसबाईटेरियन चर्च में रविवार दोपहर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर हंगामा कर दिया। चर्च के अंदर बवाल की स्थिति बन गई। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि चर्च के भीतर प्रार्थना सभा के नाम पर हिंदू महिलाओं को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर बजरंगियों को शांत कराया।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति मुर्मू ने...

पर पहली बार यात्रा की, भारत की दूसरी राष्ट्रपति बनने का गौरव हासिल हुआ। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने एक पनडुब्बी पर सॉर्टी की थी। भारतीय नौसेना के इतिहास में वह एक विशेष क्षण माना जाता है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक कारवार स्थित आईएनएस वाघशीर और अन्य नौसैनिक प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रपति की यह यात्रा न केवल नौसेना के मनोबल को बढ़ाने वाली है, बल्कि यह दर्शाती है कि देश की सर्वोच्च नेतृत्व व्यवस्था सैन्य तैयारियों का प्रत्यक्ष अनुभव और मूल्यांकन करने में कितना सक्रिय है। गौर हो कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते दिनों भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान 'राफेल' में उड़ान भरी थी।

### खुर्शीदः मजबूत तो...

की तारीफ कहा गया है। वहीं, भाजपा ने दिग्विजय सिंह की पोस्ट को टूथ बम करार दिया और कांग्रेस की आतंरिक कलह को उजागर करने वाला बताया। कांग्रेस के तानाशाही नेतृत्व को जवाब देती पोस्ट भी बताया। यह पोस्ट संगठनों में सुधार पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की मीटिंग से ठीक पहले लिखी गई थी। पोस्ट पर विवाद होने के बाद दिग्विजय सिंह ने कहा कि मैं शुरू से यही कहता आया हूं, मैं संघ की विचारधारा का विरोधी हूं। वे न तो संविधान का सम्मान करते हैं और न ही देश के कानूनों का। यह एक अपंजीकृत संगठन है, लेकिन मैं उनकी संगठनात्मक क्षमता की प्रशंसा करता हूं, क्योंकि एक ऐसा संगठन जो पंजीकृत भी नहीं है, इतना शक्तिशाली हो गया है कि प्रधानमंत्री लाल किले से कहते हैं कि यह दुनिया का सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन है। वहीं, कांग्रेस की संगठनात्मक क्षमता पर उन्होंने कहा कि मैं इतना कह सकता हूं कि सुधार की गुंजाइश है और हर संगठन में सुधार की गुंजाइश होनी चाहिए? कांग्रेस पार्टी एक आंदोलन की पार्टी है और रहनी चाहिए, लेकिन उस आंदोलन को वोटों में बदलने में कांग्रेस असफल रहती है।

### हम संघ के ....

बच्चे से कहेंगे कि तुम भी डाकू बन जाओ? खुर्शीद ने कहा कि क्या आपको शोले फिल्म याद है? जिसमें कहा गया था कि दूर दूर तक कभी कोई बच्चा रोता है तो उसकी मां कहती है कि चुप हो जा नहीं तो गब्बर आ जाएगा। तो, क्या आप ऐसा समाज बनाना चाहते हैं जहां गब्बर के डर से आप बच्चों को रोने भी न दें? उन्होंने कहा कि हम उस तरह से खुद को मजबूत नहीं करना चाहते जिस तरह से आरएसएस मजबूत है। खुर्शीद ने कहा कि हम आरएसएस का विरोध करते हैं। दिग्विजय सिंह और राहुल गांधी आरएसएस का विरोध करते हैं। आरएसएस की जगह हम एक ऐसा समाज और संगठन बनाना चाहते हैं जिसमें वे कमियां न हों जो हमें लगता है कि आरएसएस में हैं।

### सिर्फ थरूर का ...

बहुत कुछ सीख सकते हैं। हम खुद से भी बहुत सी चीजें सीख सकते हैं। अनुशासन बहुत जरूरी चीज है।

### कांग्रेस को संघ ....

अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस कभी भी धर्म की राजनीति नहीं करती। कांग्रेस के पास भले ही कम शक्ति हो, लेकिन पार्टी की रीढ़ कमजोर नहीं है। लेकिन, कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति बना दिया है। सचिन पायलट ने भी कांग्रेस में एकता की कमी होने से इनकार करते हुए कहा कि कांग्रेस ही भारत में एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो मजबूत विपक्ष पेश करती है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि कांग्रेस को संघ से सीखने की कोई जरूरत नहीं है।

### हरियाणा में विकास...

को रिटेंडर करने का निर्णय लिया गया। शेष 56 निविदाओं, जिनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 4166 करोड़ रुपये थी, पर बोलीदाताओं के साथ विस्तृत नेगोशिएशन के उपरांत कुल कार्य मूल्य लगभग 4016 करोड़ रुपये पर सहमति बनी। इस प्रकार नेगोशिएशन प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 150 करोड़ रुपये की अनुमानित बचत सुनिश्चित की गई, जिससे राज्य सरकार के वित्तीय प्रबंधन, पारदर्शिता तथा संसाधनों के कुशल उपयोग को मजबूती मिली है। बैठक में ऊर्जा मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी उपस्थित रहे।

बैठक में बिजली वितरण क्षेत्र को सुदृढ़ करने हेतु नवीनीकृत सुधार आधारित एवं परिणाम से जुड़ी विद्युत वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत प्रस्तुत प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अंतर्गत दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के विभिन्न क्षेत्रों में वितरण अवसंरचना विकास, लाइन लॉस में कमी, नए 33 केवी सब-स्टेशनों की स्थापना तथा मौजूदा सब-स्टेशनों के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर चुकी फर्मों/एजेंसियों को कार्य आवंटित करने की मंजूरी दी गई। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अंतर्गत डबवाली, नरवाना, सोहना, सिरसा, गुरुग्राम-II, फतेहाबाद, हिसार, नारनौल एवं रेवाड़ी क्षेत्रों में वितरण अवसंरचना विकास एवं सब-स्टेशन सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई।

इसी प्रकार उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अंतर्गत पंचकूला , पिंजौर, बरवाला, रायपुर रानी, पानीपत, करनाल, समालखा तथा रोहतक ज़ोन के विभिन्न क्षेत्रों में वितरण व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं सब-स्टेशन विस्तार से संबंधित कार्यों को मंजूरी दी गई। गुरुग्राम में एससीएडीए तथा डीएमएस/ओएमएस प्रणाली के क्रियान्वयन से संबंधित प्रस्ताव को भी बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई।

एजेंडा में शामिल फरीदाबाद एवं गुरुग्राम में आरडीएसएस योजना के तहत 66 केवी सब-स्टेशनों से जुड़े 11 केवी शहरी एवं औद्योगिक फीडरों की विद्युत वितरण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण से संबंधित कार्यों के लिए टेंडर को रिटेंडर करने का निर्णय लिया गया। सोनीपत महानगरीय विकास प्राधिकरण के अंतर्गत सेक्टर 5/6, 6/9 एवं 5/10 के बीच मास्टर रोड्स के शेष हिस्सों के चार लेन चौड़ीकरण एवं सुधार कार्य, पंचकूला में घग्गर नदी पर सेक्टर-3 एवं सेक्टर-21 को सेक्टर-23 एवं सेक्टर-25 से जोड़ने वाली सड़क पर पंचकूला गोल्फ क्लब के निकट मौजूदा पुल के समीप एक नए उच्च स्तरीय पुल का निर्माण (ईपीसी मोड पर), पंचकूला महानगरीय विकास प्राधिकरण के अंतर्गत शहर से गुजरने वाली दो जल धाराओं के सौंदर्यीकरण एवं पुनर्जीवन तथा उनके आसपास के क्षेत्रों के वाणिज्यिक एवं मनोरंजन उपयोग से संबंधित परियोजनाएं, फरीदाबाद के सेक्टर-78 तथा गुरुग्राम के सेक्टर-9 में कार्यरत महिलाओं के लिए आधुनिक हॉस्टल भवनों का निर्माण, जिसमें सिविल, विद्युत, प्लंबिंग, फायर फाइटिंग, फायर अलार्म, सीसीटीवी, एचवीएसी, लिफ्ट, हॉर्टिकल्चर एवं अन्य सहायक कार्यों सहित निर्धारित अवधि तक रख-रखाव शामिल है।

### देश के स्वास्थ्य...

जनता के स्वास्थ्य और जीवन की रक्षा में एक अनमोल योगदान रही है। उन्होंने आईएमए से आग्रह किया कि डॉक्टरों के शोध कार्यों को प्रोत्साहित करने तथा टेलीमेडिसिन जैसे तरीकों से स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ बनाने के प्रयास जारी रखें।

### कांग्रेस को 100....

अल-कायदा जैसे आतंकी संगठन से कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। टैगोर ने आरएसएस को नफरत फैलाने वाला संगठन बताते हुए कहा कि ऐसे संगठनों से कुछ भी सीखने को नहीं मिलता, ठीक वैसे ही जैसे अल-कायदा से। दिग्विजय सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए मणिक्कम टैगोर ने कहा, 'आरएसएस नफरत की बुनियाद पर बना संगठन है। नफरत फैलाने वालों से सीखने के लिए कुछ नहीं होता।' टैगोर ने सवाल किया, 'क्या आप अल-कायदा से कुछ सीख सकते हैं? वह भी नफरत फैलाने वाला संगठन है जो दूसरों से नफरत करता है। ऐसे संगठनों से भला क्या सीखा जा सकता है?' टैगोर ने सोशल मीडिया पर 'सेल्फ-गोल' का एक वीडियो शेयर करते हुए दिग्विजय सिंह पर तंज कसा कि उन्होंने अपनी ही पार्टी के खिलाफ बयान देकर खुद का नुकसान किया है।

गौरतलब है कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पुरानी फोटो शेयर की थी, जिसमें वे लालकृष्ण आडवाणी के पास फर्श पर बैठे दिख रहे हैं। सिंह ने लिखा था, 'यह फोटो बहुत प्रभावशाली है। यह दिखाता है कि कैसे आरएसएस का एक जमीनी कार्यकर्ता फर्श से उठकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बन गया। यही संगठन की ताकत है।' उनके इस बयान को कांग्रेस में संगठन स्तर पर सुधार की सलाह के तौर पर देखा गया था।

### 13 घंटे से....

बाद मालगाड़ी के डिरेल होते ही जोरदार आवाज के साथ अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना के समय पुल पर कोई यात्री ट्रेन नहीं थी।

**3 डिब्बे बरुआ नदी में गिरेः** हादसे के बाद जसीडीह-किऊल रेलखंड पर रेल परिचालन ठप हो गया। लाइनें 13 घंटे से अधिक समय से प्रभावित हैं। कई यात्री और मालगाड़ियां जसीडीह, सिमुलतला सहित आसपास के स्टेशनों पर रोक दी गई। पटना से हावड़ा जाने वाला प्रमुख रेल रूट भी बाधित हो गया है। रेलवे ने सुरक्षा और परिचालन कारणों से कई ट्रेनों को रद्द और डायवर्ट किया है। मुजफ्फरपुर से हावड़ा जाने वाली 13020 बाघ एक्सप्रेस को 16 स्टेशनों पर कैंसिल कर दिया गया है, जबकि इसे बरौनी से ही डायवर्ट किया गया। 13019 बाघ एक्सप्रेस को अंडाल से किऊल के बीच रद्द कर दिया गया।

### 11 वर्षों में ....

चिंता जताते हुए कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र दोनों खतरे में हैं। उन्होंने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जो कहते हैं कांग्रेस खत्म हो गई, उन्हें वे बताना चाहते हैं कि पार्टी के पास सत्ता कम हो सकती है, लेकिन उसकी रीढ़ अभी भी सीधी है। कांग्रेस ने संविधान, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों के हकों से कभी समझौता नहीं किया। कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगा और न ही मंदिर-मस्जिद के नाम पर नफरत फैलाई। कांग्रेस जोड़ती है, जबकि भाजपा तोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है और विचारधारा कभी मरती नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज सत्ता में बैठे लोग सच्चाई के साथ नहीं हैं, इसलिए कभी आंकड़े छिपाए जाते हैं, कभी जनगणना रोकी जाती है और कभी संविधान बदलने की बातें होती हैं। उन्होंने भाजपा-आरएसएस के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पूर्वज इतिहास से भाग रहे थे। उन्होंने याद दिलाया कि देश के सर्वोच्च मूल्यों, एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा-आरएसएस के नेताओं ने देश के संविधान, तिरंगे, अशोक चक्र और वंदे मातरम तक को स्वीकार नहीं किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2025 महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी, संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्ष और वंदे मातरम की 150वीं जयंती का वर्ष है। वहीं 2026 में दादाभाई नौरोजी की 200वीं जयंती और सरोजिनी नायडू के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस के नेतृत्व में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनने और खेती, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, हरित क्रांति, सूचना व संचार क्रांति तथा उदारीकरण जैसे क्षेत्रों में भारत के द्वारा ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करने का उल्लेख किया। यूपीए सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा कानून, वन अधिकार कानून एवं भूमि अधिग्रहण कानून जैसे ऐतिहासिक अधिकार आधारित कानून बने। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार कांग्रेस द्वारा बनाए गए संस्थानों को कमजोर कर रही है। जल, जंगल और जमीन को लूटा जा रहा है। पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए कई कानूनों को बदला, मनरेगा को नष्ट कर दिया और जनता के अधिकारों को कुचलने का काम किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीबों और मजदूरों के हक में मनरेगा की बहाली के लिए मोदी सरकार को मजबूर कर देगी।

## एबीवीपी के कार्यक्रम में बोले ब्रजेश पाठक

# जिनको वंदे मातरम बोलने में शर्म आती है वह देश विरोधी ताकतें

एजेंसी ▶▶ बदायूं

यूपी के बदायूं में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 66 में अधिवेशन में पहुंचे यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और आने वाले समय में और बड़ी जिम्मेदारी मिलने वाली है। भारत में देश विरोधी ताकत है और आवाजों को बंद करने के लिए विद्यार्थी परिषद को ऐसे ही कार्य करना होगा और आगे आना होगा तब जाकर हम देश विरोधी ताकतों को उखाड़ पाएंगे। बोले भारत माता हमारी मां है और इसमें सभी देवी देवताओं का वास है। इस देश के नेताओं को संसद से लेकर बाहर तक वंदेमातरम करने में शर्म आती है। जिनको वंदेमातरम कहने में शर्म आती हो ऐसे नेता और एक देशभक्त नहीं हो सकते ऐसे लोग देश विरोधी ताकत हो सकती हैं।

रविवार को शहर के जिला




शिक्षण में प्रशिक्षण संस्थान बदायूं डायरेक्ट ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 66 वें अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रहे और विशेष स्थिति भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिं सहित अन्य पदाधिकारी रहे। इस दौरान डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है देश के नाम निर्माण एवं युवाओं को आगे लाने की जिम्मेदारी है।

## पीएम मोदी पर दिया बड़ा बयान

# बरेली में बैलगाड़ी पर बैठे आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह

एजेंसी ▶▶ बरेली

यहां आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह का अलग अंदाज देखने को मिला। वह रविवार को बैलगाड़ी पर बैठकर फतेहगंज पूर्वी के जरौल गांव पहुंचे। उन्होंने यहां सभा को संबोधित किया। इस दौरान संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा सरकार और बजरंग दल पर जमकर निशाना साधा। संजय सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में जो भी कुछ हो रहा है, उस पर प्रधानमंत्री मोदी को सख्त लहजे में हस्तक्षेप करना चाहिए। वहां की सरकार को सख्त संदेश देना चाहिए। हैरानी की बात है कि पीएम मोदी एक शब्द नहीं बोले। उनके दोस्त अदाणी का नुकसान हो जाएगा। क्योंकि बांग्लादेश में अदाणी का बिजली का कारोबार चल रहा है। दोस्त का नुकसान न हो, भले ही देश का नुकसान हो जाए। वह पर्वत और पहाड़ बेच दे रहे हैं। मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री नहीं, अदाणी के प्रधानमंत्री हैं।

### 'वोट को बचाने की जरूरत'

एसआईआर पर संजय सिंह ने कहा कि जो बिहार में हुआ, अब यूपी में भी वही काम हो रहा है। वोट को बचाने की जरूरत है। बाबा साहब ने मतदान का अधिकार देश के हर नागरिक को दिया है।

